भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1075

जिसका उत्तर 08 फरवरी, 2024 को दिया जाना है।

.....

अमृत सरोवर मिशन

1075. श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अमृत सरोवर मिशन के अंतर्गत निर्धारित और प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ओडिशा में इसके कार्यान्वयन की रूपरेखा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टूडू)

(क): भारत सरकार ने 24 अप्रैल 2022 को राष्ट्रीय पंचायत दिवस की पूर्व संध्या पर मिशन अमृत सरोवर की शुरूआत की थी। मिशन का उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के भाग के रूप में देश में लगभग कुल 50,000 अमृत सरोवरों के निर्माण हेतु देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प करना था। प्रत्येक अमृत सरोवर में लगभग 10,000 घन मीटर जल धारण क्षमता के साथ न्यूनतम 1 एकड़ (0.4 हेक्टेयर) तालाब क्षेत्र का होना अनिवार्य था।

50,000 अमृत सरोवर के लक्ष्य को 10 मई 2023 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके अतिरिक्त, अगस्त 2023 में मिशन के पूरा होने तक 68,000 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण/कायाकल्प किया गया था।

(ख): ओडिशा राज्य में पहचान किए गए 4656 अमृत सरोवरों की तुलना में, 2385 अमृत सरोवरों के निर्माण/कायाकल्प का कार्य पूरा हो चुका है।

मिशन अमृत सरोवर का रोड मैप, ओडिशा के साथ-साथ अन्य राज्यों के लिए भी एक समान होने के कारण, भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध मिशन के दिशा-निर्देशों में निर्धारित किया गया है।

*****